मेट्रो-3 : प्रभावितों को दोगुनी जगह

CM ने की घोषणा

कार्यालय संवाददाता

मुंबई. मेट्रो-3 परियोजना के खिलाफ बढ़ते विरोध को कम करने के लिए मुख्यमंत्री ने प्रभावितों को दोगुनी जगह देने का ऐलान किया है. मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि जिनका 300 वर्ग फुट या इससे कम एरिया का घर है उन्हें दोगुनी जगह दी जाएगी. जबकि जिनका 300 वर्ग फुट से अधिक एरिया में घर है उन्हें 30 प्रतिशत अधिक जगह का घर दिया जाएगा. सोमवार को मुख्यमंत्री विधानसभा में निवेदन के माध्यम से यह घोषणा की.

क्षेत्र में ही होगा पुनर्वसन

फडणवीस ने यह साफ करने की कोशिश किया कि गिरगांव, कालबा देवी सहित इससे प्रभावित होने वाले लोगों को क्षेत्र में पुनर्वसन किया जाएगा. इस परियोजना से प्रभावित होने वाले 80 प्रतिशत लोग 300 वर्ग फुट से कम के घर में रहते हैं. जो लोग इस योजना के अंतर्गत प्रभावित होंगे उनका म्हाडा के घरों में पुनर्वसन किया जाएगा या उनके लिए किराए के घर की व्यवस्था की जाएगी. मुख्यमंत्री ने कहा कि कुर्ला-बांद्रा-सीप्ज के बीच मेट्रो-3 परियोजना पूरी होने से कोलाबा से इंटरनेशनल एयरपोर्ट की दूरी मात्र 50 मिनट में पूरी हो जाएगी. इस परियोजना के पूरी होने पर करीब 14 लाख यात्री रोजाना सफर करेंगे, जबकि वर्ष 2031 में यात्रियों की संख्या बढ़कर 17 लाख होने का अनुमान है.

आरे की जमीन हड़पने की साजिश

आरे कॉलोनी में मेट्रो-3 के लिए प्रस्तावित कारशेड को देखने के बाद मनसे प्रमुख राज ठाकरे ने राज्य सरकार पर आरोप लगाया है कि सरकार आरे कॉलोनी की जमीन हड़पने की एक साजिश कर रही है. ठाकरे ने कहा कि जब तक मेट्रो-3 के संदर्भ में सारे सवालों के जवाब मिल नहीं जाते जब तक मेट्रो-3 को लेकर हमारा विरोध जारी रहेगा.

राज ने लगाया आरोप

प्रेस कांफ्रेंस में राज ने देवेन्द्र सरकार पर टिप्पणी करते हुए कहा कि यह सरकार भी कांग्रेस और राष्ट्रवादी सरकार के पदचिन्हों पर चल रही है. राज ने कहा कि आरे की जमीन पर राजनेताओं, बिल्डर्स, उद्योगपतियों सभी की नजर है.

एसएस-मनसे आमने-सामने

मेट्रो-3 से प्रभावित गिरगांव परिसर के लोगों के पुनर्वसन को लेकर शिवसेना और मनसे में टकराव शुरू हो गया है. कहा जा रहा है कि यह टकराव मराठी वोटरों को लेकर है.